अच्छी सहायक सामग्री के गुण :

Paper - 7a Physical.sc Pedagogy

(Qualities of a good Material Aid)

एक अच्छी सहायक सामग्री में निम्न गुणों का होना आवश्यक है—

1. सहायक सामग्री सुन्दर, आकर्षक एवं रुचिकर होनी चाहिए परन्तु वह इतनी अधिक आकर्षक एवं सुन्दर भी न हो कि बालक उसकी सुन्दरता में ही खो जाये और मूल पाठ से भटक जाये।

2. सहायक सामग्री बहुत अधिक महंगी नहीं होनी चाहिए।

3. सहायक सामग्री बालकों पर वांछित प्रभाव डाले एवं अध्यापक के उद्देश्यों की पूर्ति में सहायक होनी चाहिये। मात्र औपचारिकतावश सहायक सामग्री का प्रयोग उचित नहीं है।

Scanned with CamScanner

4. प्रयुक्त सहायक सामग्री इतनी स्पष्ट एवं बड़ी होनी चाहिये ताकि कक्षा का प्रत्येक विद्यार्थी अपनी जगह बैठा हुआ ही उसे भली प्रकार देख एवं समझ सके।

5. सहायक सामग्री पाठ की आवश्यकता के अनुकूल होनी चाहिए और उसका प्रयोग केवल उसी स्थिति में किया जाना चाहिये जबकि वास्तव में उसकी आवश्यकता प्रतीत हो।

6. अध्यापक द्वारा निर्मित चित्र, रेखाचित्र, चार्ट एवं मॉडल इत्यादि में केवल वही बातें दिखायी जायें जिनका उस दिन के पाठ से सम्बन्ध हो।

7. सहायक सामग्री बालकों के स्तर के अनुकूल होनी चाहिये।

सहायक सामग्री के प्रयोग में सावधानियाँ

(Precautions regarding use of a Material Aid)

1. सहायक सामग्री केवल उतनी ही देर दिखायी अथवा प्रयोग में लायी जाये जितनी देर उसका दिखाना अथवा प्रयोग किया जाना आवश्यक हो। प्रयोग के बाद उसे छिपाकर रख देना चाहिये।

2. कम आयु एवं छोटी कक्षाओं के बालकों के लिये इनका प्रयोग अधिक करना चाहिये और बड़ी कक्षाओं में कम।

3. सहायक सामग्री का प्रयोग पाठ में उचित स्थल पर और केवल आवश्यकता पड़ने पर ही किया जाना चाहिये।

4. एक ही पाठ में अत्यधिक रूप में सहायक सामग्री का प्रयोग उचित नहीं अन्यथा कक्षा में वह प्रदर्शनी का रूप ले लेगा तथा मूल पाठ प्रमुख न रहकर गौण बन जायेगा।

5. सहायक सामग्री को दिखाने एवं उसके प्रयोग करने में अधिक समय नहीं लगाना चाहिये अन्यथा मूल पाठ अधूरा ही रह जायेगा।

6. बालकों को इस प्रकार के अव र प्रदास किये जायें कि वे स्वयं ही कक्षा में सहायक सामग्री का भली प्रकार प्रयोग करना सीख जायें।

7. जहाँ तक हो सके स्व-निर्मित सहायक सामग्री ही (Self-made material aid) प्रयोग में लाई जायें।

Scanned with CamScanner